केंद्रीय मंत्री ने ग्लास्गो में होने वाली वार्ता से पूर्व विकसित देशों का आह्वान किया

# जलवायु खतरों से लड़ने को हरित तकनीक अपनाएं : पीयूष

**दुबई एक्सपो**

दुबई | मदन जैड़ा

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अगले महीने ग्लास्गो में होने जा रही जलवायु वार्ता से पूर्व विकसित देशों का आह्वान किया कि वह इन खतरों से निपटने के लिए वित्त और तकनीक उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित करें। गोयल ने शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पेरिस समझौते या कॉप-21 में हुए समझौतों के अनुरूप भारत अपने उत्सर्जन के लक्ष्यों पर कार्य कर रहा है।

जी-20 देशों में एकमात्र भारत ही ऐसा देश है जो पेरिस जलवायु समझौते के अनुरूप सही ट्रैक पर कार्य कर रहा है। लेकिन इस सम्मेलन में यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया था कि विकसित देश हरित तकनीकों एवं वित्तीय सहायता को लेकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं। विकसित देशों को इस पर ध्यान देना होगा। भारत द्वारा 2050 तक कार्बन उत्सर्जन शून्य किए जाने संबंधित प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि दुनिया के अन्य देश क्या कर रहे हैं। लेकिन जहां तक भारत का प्रश्न है वह अपनी घोषणाओं से कहीं ज्यादा कर रहा है। आज पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए किए जा रहे भारत के प्रयासों को मान्यता प्रदान की गई है। गोयल ने साफ किया है कि भारत ने जो वादे किए उन्हें पूरा किया है तथा वह कोई झूठे वादे नहीं करता है। इस खतरे से निपटने के लिए दुनिया को तकनीकी समाधान भी तलाश करने चाहिए।

**एयर इंडिया पर अभी फैसला नहीं:** एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि सरकार ने अभी तक एयर इंडिया को लेकर कोई निर्णय नहीं किया है। हालांकि वे यूएई में हैं। लेकिन इस मामले में 15 सितंबर तक निविदाएं मांगी गई थीं और एक तय प्रक्रिया के तहत निर्णय लेकर निविदा के विजेता की घोषणा की जाएगी।

**भारत सही राह पर आगे बढ़ रहा:** गोयल ने कहा कि भारत पांच खबर डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए सही राह पर आगे बढ़ रहा है। कोरोना ने लक्ष्य को हासिल करने में चुनौतियां पैदा की हैं। भारत के उत्पादों की स्वीकार्यता पूरी दुनिया में बढ़ रही है।

**हवाई यातायात सामान्य होगा :** भारत, संयुक्त अरब अमीरात दोनों देशों में हवाई यातायात जल्द सामान्य करने के लिए सहमत हो गए हैं।



दुबई में शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत करते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल। ● एएनआई

## केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने स्वामीनारायण मंदिर के 3डी मॉडल का विश्लेषण किया

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को अबू धाबी में निर्माणाधीन बीएपीएस (बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण) हिंदू मंदिर के 3डी अर्धपारदर्शी क्रिस्टलीय मॉडल का डिजिटल विश्लेषण किया। इसे यहां शुरू हुए एक्सपो 2020 दुबई के भारत पवेलियन में प्रदर्शित किया गया है। एक्सपो में भारत पवेलियन का उद्घाटन करने वाले गोयल को बीएपीएस मंदिर के 3डी मॉडल का विश्लेषण करने के बाद इसकी प्रशंसा की।